सैनिक स्कूल में आयोजित की गयी डायमंड जुबली अन्तर्विद्यालयीन क्विज प्रतियोगिता

रीवा। सैनिक स्कूल रीवा की डायमंड जुबली अन्तर्विद्यालयीन क्विजं प्रतियोगिता का आयोजन 14 सितम्बर को विद्यालय के मानेकशा सभागार में प्रोफेसर सुपर्णा बैनर्जी विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग जी डी सी कॉलेज के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मेजर ए पी एस भुल्लर कार्यवाहक प्राचार्य सैनिक स्कूल, डॉ आर एस पाण्डेय वरिष्ठ अध्यापक नरेंद्र कुमार तिवारी क्विज मास्टर , समस्त शिक्षक , प्रतिभागी व छात्र उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ठ अतिथि के रूप में सैनिक स्कूल की प्रथम महिला नेहा रावल उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में मेजबान सहित कुल 6 विद्यालयों बाल भारती स्कूल, ज्योति सीनियर सेकंडरी स्कूल, सैनिक स्कूल मंदसौर , गुरुकुल पूर्व माध्यमिक स्कूल व गीतांजलि पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन कई राउंड्स में किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों में अत्यंत उत्साह व एक दूसरे से आगे जाने की ललक दिखी। प्रतियोगिता के बीच में क्विज मास्टर ने दर्शकों से भी प्रश्न पूछे जिससे उनका उत्साह व रोमांच भी बना रहा। प्रतियोगिता में विजेता सैनिक स्कूल रीवा व उपविजेता बाल भारती स्कूल रही। मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सैनिक स्कूल की परंपरा के अनुसार विजेता ट्राफी स्वयं न लेकर उपविजेता को प्रदान की गयी।

डायमंड जुबली

सैनिक स्कूल में अंतर्विद्यालयीन क्विज प्रतियोगिता

क्विज में सैनिक स्कूल की टीम बनी विजेता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रीवा. सैनिक स्कूल की डायमंड जुबली पर अंतरविद्यालयीन क्विज प्रतियोगिता हुई। मानेकशा सभागार में प्रो. सुपर्णा बैनर्जी, मेजर एपीएस भुल्लर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. आरएस पाण्डेय, नरेंद्र तिवारी क्विज मास्टर व प्रथम महिला नेहा रावल बतौर अतिथि उपस्थित रहीं।

प्रतियोगिता में बाल भारती, ज्योति सीनियर सेकंडरी, सैनिक स्कूल मंदसौर, गुरुकुल पूर्व माध्यमिक स्कूल, गीतांजलि पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों ने भी भाग लिया। क्विजमास्टर ने दर्शकों से भी प्रश्न पूछे जिससे उनका उत्साह व रोमांच भी बना रहा। प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल रीवा की टीम विजेता, बाल भारती स्कूल उपविजेता रही, जिन्हें पुरस्कार दिया गया। सैनिक स्कूल रीवा की परंपरा के अनुसार विजेता ट्रॉफी स्वयं न लेकर उपविजेता को प्रदान की गई।